काव्य मंजरी
Kavya Manjari

तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan

काव्य मंजरी

भाग-17

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

काव्य मंजरी, भाग-17

स्थापना दिवस-2023 के उपलक्ष्य में प्रकाशित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों एवं कार्मिकों द्वारा रचित कविताओं का संकलन

संरक्षक : निधि पाण्डे, आयुक्त के.वि.सं.

संपादक : अजीता लोंग्जम, संयुक्त आयुक्त (प्रशा. 1), के.वि.सं.

संपादकीय प्रभारी : सचिन राठौर, सहायक संपादक, के.वि.सं. (मु)

आवरण पृष्ठ : प्रकाशन अनुभाग, के.वि.सं. (मु)

अजीता लोंग्जम, संयुक्त आयुक्त (प्रशा. 1), केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित

दो शब्द

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'काव्य मंजरी' पुस्तक का 17वां अंक पाठकों को समर्पित करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। इस हीरक जयंती पर हमारे शिक्षकों और अन्य कार्मिकों की कलम ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गौरव गाथा का वर्णन किया है।

जिस संस्थान के साथ हम कार्य करते हैं, उसके साथ हमारा एक अनकहा गहरा रिश्ता जुड़ जाता है। हमारे जीवन और जीवन शैली में उस संस्थान का बहुत बड़ा योगदान होता है, जिसके साथ हम कार्य करते हैं। एक संस्थान के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन पिछले 60 वर्ष में अपने लाखों कार्मिकों के साथ एक अटूट रिश्ता बना चुका है। वर्तमान में भी संगठन 14 लाख से अधिक विद्यार्थियों और 50 हजार से अधिक कार्मिकों के जीवन को स्पर्श करता हुआ अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर अग्रसर है। इस पुस्तक में संकलित कविताएं केन्द्रीय विद्यालय संगठन और उसके शिक्षकों व कार्मिकों के बीच स्थापित खूबसूरत रिश्ते का गीत गाती नज़र आती हैं।

इस हीरक जयंती विशेषांक के लिए देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों के शिक्षकों और कार्मिकों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। चयन समिति द्वारा अंतिम रूप से जिन कविताओं का चयन किया गया, उन सभी को हार्दिक बधाई। ये कविताएं केन्द्रीय विद्यालय संगठन की गौरव गाथा को जन-जन तक ले जाने की वाहक बनेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

आज जब विश्व पटल पर भारत का स्वर्णिम गौरव अपनी कीर्ति बिखेर रहा है, तब देश की भावी पीढ़ी की एक मजबूत आधारशिला रखने की दिशा में केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लद्दाख से लेकर रामेश्वरम तक और तवांग से लेकर कवरत्ती तक देश के हर कोने में शिक्षा की अलख जगाने के लिए संगठन कटिबद्ध है। इस हीरक जयंती वर्ष में पंच प्राण को साथ लेकर देश को नई दिशा देने के संकल्प को केन्द्रीय विद्यालय संगठन एक बार पुनः दोहराता है।

एक बार फिर पुस्तक के सभी रचनाकारों की प्रशस्ति करते हुए, पुस्तक के संपादक मंडल को हार्दिक बधाई।

स्नेहिल शुभकामनाओं सहित,

निधि पाण्डे
आयुक्त

अनुक्रम

क्र.सं./S.No.	विषय/Title	पृ./Pg.
1	मेरा गर्व है, सम्मान है!	1
2	साठ बरस	2
3	स्वर्णिम पिछले साठ साल में!	3
4	सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन	4
5	साठ बसंत के साठ रंग	5
6	डायरी के बहाने !	6
7	हाँ मैं केन्द्रीय विद्यालय हूँ !	7
8	जन-मन की शान, भारत का मान	8
9	विद्यांचल ऐसा मिले मुझे	9
10	नए क्षितिज की नई उड़ान	10
11	मेरा के. वि. मेरा अभिमान	11
12	शिक्षा का दीप केन्द्रीय विद्यालय	12
13	मेरा गौरव केन्द्रीय विद्यालय	13
14	हर कदम यहां शिक्षा की उड़ान	14
15	अनेकता में एकता की मिसाल है के.वि	15
16	मेरा मान मेरा सम्मान	16
17	मेरा विद्यालय	17
18	मेरा देश	18
19	केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुष	19
20	मेरी हिंदी	20

क्र.सं./S.No.	विषय/Title	पृ./Pg.
21	मेरा अमृत मेरा देश	21
22	केन्द्रीय विद्यालय हमारा	22
23	केन्द्रीय विद्यालय की परिकल्पना	23
24	के. वि. ही मेरी पहचान	24
25	मैं लघु भारत हूँ, मैं के.वि. हूँ	25
26	के.वी.एस.-एक सूर्य	26
27	के.वि. संगठन की नहीं कोई मिसाल	27
28	शिक्षा का ध्रुवतारा	28
29	60 साल का सुंदर लेखा	29
30	मेरा प्यारा केन्द्रीय विद्यालय	30
31	ज्ञान का प्रकाश	32
32	साठ वर्ष के कालखंड में	33
33	ज्ञान दान के छह दशक	34
34	ज्ञान का उद्गमस्थल	35
35	नन्हा हिंदुस्तान	36
36	हम शिक्षा के प्रहरी	37
37	केवि गीत सुनाता हूँ	38
38	राष्ट्र की शान केवियन	39
39	मेरा केन्द्रीय विद्यालय ही मेरा अभिमान है	40
40	मेरा के.वि. मेरा अभिमान	41
41	केन्द्रीय विद्यालय का ऊंचा परचम	42
42	केन्द्रीय विद्यालय-ज्ञान का मंदिर	43
43	भारत का गौरव: केन्द्रीय विद्यालय	45
44	कहानी केन्द्रीय विद्यालय की	46
45	हमारा FLN मिशन	47

क्र.सं./S.No.	विषय/Title	पृ./Pg.
46	अपना के. वि. अपनी शान	48
47	शिक्षा नभ का नक्षत्र	49
48	कह रही हूँ गाथा आज मैं	50
49	हृदय हर्ष गर्व से कहता	51
50	पंच-प्राण गीत	52
51	Celebrating the Institution of KV	53
52	We The Teachers of KVS	55
53	The Difference I've Made	56
54	Sparkling Legacy:Six Decades' Radiance	57
55	My KV-A steping Stone & A Destination	58
56	A Dynamic Journey in KVS	60
57	KVS and I: Six Decades of Educational Evolution	62
58	More than just a Profession	64
59	Here's to KVS, our Alma mater	65
60	KVS- As Tagore would See it	66
61	Ode To My KV	67
62	Nature	68
63	My Faces in KVS	69
64	The Sprouting KVS	70
65	A 'Shining Star' we Bow to thee	71
66	The Edifice of Fame	73
67	My KV-My Pride	74
68	A Sanctuary of Knowledge	75
69	Shaping Futures: A Journey	76
70	KV-A School Unparalleled	77
71	The Three Jubilees	78

1

मेरा गर्व है, सम्मान है!

मेरा गर्व है, सम्मान है,
मेरे देश का अभिमान है।
केन्द्रीय विद्यालय...
हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान है।

जब दुनिया में आंखें खोली,
बस तेरे ही सपने देखे।
यहां नहीं पराया कोई मिला,
सब मुस्काते अपने देखे।
यहां शिक्षा ही हर मज़हब है,
हर धर्म यहां पर ज्ञान है।
केन्द्रीय विद्यालय...
हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान है।

ऊंच-नीच को छोड़ यहां पर,
हक है सब को पढ़ने का।
खेलकूद और शिक्षा में भी,
हरदम आगे बढ़ने का।
जीवन में प्रगति के पथ पर,
चलना भी आसान है।
केन्द्रीय विद्यालय...
हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान है।

इसके प्रतिभाशाली शिक्षक,
बच्चों को सिखलाते हैं।
कितनी ही प्रतिभाओं से फिर,
विद्यार्थी भी भर जाते हैं।
एक राष्ट्र और एक ही शिक्षा,
इसकी सदा पहचान है।
केन्द्रीय विद्यालय...
हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान है।

मेरा गर्व है, सम्मान है।
मेरे देश का अभिमान है।
केन्द्रीय विद्यालय...
हिंदुस्तान है, हिंदुस्तान है।

कहकशाँ
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (कला)
केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी देहरादून

2

साठ बरस

साठ वर्ष का हो जाने पर,
हो गया परिपक्व और मैं
साठ वर्ष के अनुभव सारे,
रचे-बसे मेरे कण-कण में
सन् तिरसठ में उदित हुआ मैं,
सेना के वीर जवानों को
बालक पढ़ते रहे निरंतर,
सैनिक रहें ठिकानों पर
एक है भारत, श्रेष्ठ है भारत,
एक समान हो पाठ्यक्रम,
शिक्षक सीखें, बच्चे सीखें,
चले निरंतर ही यह क्रम।

विज्ञान कांग्रेस, युवा संसद
हरित विद्यालय, स्वच्छ विद्यालय
लोक गीत-नृत्य के रंग
ज्ञान से पूरित अनेक पुस्तकालय।

केवल ज्ञान किताबी न हो,
बच्चे सीखें कौशल विकास,
करके सीखें, न रटें-रटायें
अटल टिंकरिंग का हो दिव्य प्रकाश।

एन.ई.पी. 2020 के साथ
बढ़ रहा हूँ मैं वर्तमान में,
कलाम, सुभाष, विवेकानंद की
झलक मिले, हर युवान में।

केन्द्रीय विद्यालय नाम मेरा
केन्द्र हूँ मैं भारत का,
ज्ञान दीपशिखा जलती रहे,
हो विकास हर बालक का।

दीपशिखा गढ़वाल
प्र.स्ना. शिक्षिका (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय सीएमएम जबलपुर

3

स्वर्णिम पिछले साठ साल में

स्वर्णिम पिछले, साठ साल में,
मुस्कानों को सींचा,
केन्द्रीय विद्यालय, एक धरोहर,
क्षितिज को, मन तक खींचा,
विद्या का, मंदिर है अनुपम,
संस्कारों का मेला,
केन्द्रीय विद्यालय ने, सपनों को,
कोरी आंखों में भींचा,
स्वर्णिम पिछले, साठ साल में,
मुस्कानों को सींचा!

लघु भारत की, प्रतिलिपि हैं,
केन्द्रीय विद्यालय उत्सव,
पूर्व से पश्चिम, एक लय है,
सदा रखती जीवंत,
प्राचीन गौरव से, अधुनातन,
मेल की, प्रगति थामे,
माथे की, आभा में भरता,
निर्दोष अनोखा कलरव,
हर दृष्टि, सम्मान है पाई,
ना ऊंचा, कोई नीचा,
स्वर्णिम पिछले साठ साल में,
मुस्कानों को सींचा!

तवांग से लेकर, भुज तक फैली,
एक आभा एक ज्योति,
केन्द्रीय विद्यालय, ने है थामी,
उत्कंठा स्वयं अनोखी,
देश प्रेम के, अखंड भाव ने,
रंग रक्खा है जीवन,
हर ऋतु यहां पर जैसे,
नई एक,कविता होती,
एक शिखर है, एक क्षितिज है,
है सुंदर, एक बगीचा,
स्वर्णिम पिछले,साठ साल में,
मुस्कानों को सींचा!

अवनि प्रकाश श्रीवास्तव
स्नातकोत्तर शिक्षिका (गणित)
केन्द्रीय विद्यालय वाहन निर्माणी जबलपुर

4

सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन

भारत की एक छोटी सी तस्वीर संगठन।
सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन।

हरसू हैं कोशिशें यही शिक्षा का राज हो।
अज्ञान का तिमिर छंटे, जगमग समाज हो।
सारे जगत को दे सके पैगाम अमन का -
भारत के भाल जगत गुरु का वो ताज हो।
करता है रात दिन यही तदवीर संगठन।
सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन।

भाषाएं भिन्न-भिन्न हैं, हैं भिन्न खान-पान।
पहनावा भिन्न-भिन्न है, हैं भिन्न गीत गान।
हिंदू हैं, मुसलमान हैं, सिख, जैन इसाई-
भारत दिलों में सबके है, सबकी यही पहचान।
हर द्वेष की गिरा रहा प्राचीर संगठन।
सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति बीस के प्रभाव से।
स्वतंत्रता मिली विषय चयन दबाव से।
शिक्षा का समावेशी रूप आया है नया -
सब साथ पढ़ सकेंगे बिना भेद भाव के।
करता है नए राष्ट्र की तामीर संगठन।
सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन।

के वि के हैं सदस्य, ये पहचान बहुत है।
परिवार है हमारा, इसका मान बहुत है।
ले जाएं गगन पर इसे शिक्षा के क्षेत्र में –
चमके ये चन्द्र, सूर्य सा, अरमान बहुत है।
दिल चाहे नित लिखे नई तहरीर संगठन।
सँवारे नौनिहालों की तकदीर संगठन।

योगेन्द्र गोस्वामी
टीजीटी (कार्यानुभव)
केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत

5

साठ बसंत के साठ रंग

साठ बसंत के साठ रंग
साठ कलाओं से पूर्ण
हर बसंत का अपना राग
हर अनुभूति अक्षुण्ण

सर्वोकृष्ट शिक्षा का ध्येय लिए
उन्नीस सौ तिरेसठ का सन
कुल बीस विद्यालयों संग बना
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

मजबूत इरादों के उत्तम शिक्षको ने
हर कसौटी पर, छात्रो को दिया तान
चहुँमुखी विकास में सतत् योगदान
बना केन्द्रीय विद्यालयों की पहचान

पढते बढते यह वट वृक्ष, पहुंचा
रूस, नेपाल, अफगानिस्तान
लक्ष्य यही था, बस, छात्रों में
उत्कृष्ट नागरिकों का निर्माण

राष्ट्र निर्माण के योगदान में
शिक्षा की ज्योत लहराती रही
नित नए आयाम छुए संगठन
इसकी, यश पताका फहराती रहे।

अकांक्षा सैम्युल्स
प्रचार्या
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 जीसीएफ जबलपुर

6

डायरी के बहाने!

ऐ डायरी! आज फिर कुछ बतियाना चाहता हूँ।
केन्द्रीय विद्यालय के साठ वर्षों को गाना चाहता हूँ,
“तत् त्वं पूषण अपावृणु” के भाव बिखराना चाहता हूँ,
‘दया कर दान विद्या का’ घोष फैलाना चाहता हूँ,
ऐ डायरी! आज फिर कुछ बतियाना चाहता हूँ।

बीस से बारह सौ पचास के सफर पर इतराना चाहता हूँ,
साठ वर्षों में विदेशों तक के सफर पर इठलाना चाहता हूँ,
“एक भारत श्रेष्ट भारत” के आदर्श को गुनगुनाना चाहता हूँ,
ऐ डायरी! आज फिर कुछ बतियाना चाहता हूँ।

केन्द्रीय विद्यालय के स्वर्णिम अतीत को बाँचना चाहता हूँ,
आजादी के अमृत महोत्सव काल में नाचना चाहता हूँ,
नालंदा, तक्षशिला के गौरव की तान महकाना चाहता हूँ,
ऐ डायरी! आज फिर कुछ बतियाना चाहता हूँ।

छात्रों के लाल,पीले,हरे,पोशाक में मुस्काना चाहता हूँ,
छात्रों के सर्वांगीण विकास को नित्य दुहराना चाहता हूँ,
“योग: कर्मसु कौशलम” के ओज को दिखलाना चाहता हूँ,
ऐ डायरी! आज फिर कुछ बतियाना चाहता हूँ।

अशोक कुमार पाठक
उप–प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय अपर कैम्प, देहरादून

7

हाँ मैं केन्द्रीय विद्यालय हूँ !

जमीन से आसमान तक का सफ़र करता हूँ
मैं बच्चों में जीवन का हर रंग भरता हूँ,
ज्ञान व विज्ञान की किरण हूँ मैं,
भारतीय शिक्षा जगत का अद्वितीय संस्करण हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं -2

न हिन्दू न मुस्लमान न सिख न इसाई हूँ मैं,
पूरा विश्व हमारा घर है, आपका धर्मनिरपेक्ष भाई हूँ मैं,
द्विभाषीय लिवासों में सुसज्जित एक साज हूँ मैं,
गाँवों और शहरों की पहली पसंद, भारत की ताज हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं -2

प्राचीनता व आधुनिकता का अनुपम और अनूठा संगम हूँ मैं,
सांस्कृतिक धरोहरों का रक्षक , भ्रष्टाचार व दुराचार का भक्षक हूँ मैं
गांधी की सोंच ,विवेकानंद की कल्पना व अम्बेडकर की लेखनी हूँ मैं
बुद्ध , महावीर व चाणक्य की साधना हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं -2

प्रेमचंद, निराला ,जयशंकर प्रसाद का छंद,
कबीर की दोहा, सुभद्रा कुमारी चौहान की हुंकार व नाद हूँ मैं,
गंगा जैसा पवित्र, हिमालय जैसा दृढ निश्चयी,

प्रशांत महासागर जैसा विशाल व शेर जैस वीर हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं-2

स्वछता सरलता व सहनशीलता का पर्याय हूँ मैं,
कोहिनूर जैसा चमकीला व वारिश की बूंदों जैसा स्वच्छ हूँ मैं,
गरीबों पिछड़ों व कमजोर वर्गों की पहली पसंद,
सर्वशिक्षा व सहशिक्षा का मुलकंद हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं -2

शिक्षा जगत का प्रहरी ,भारत की मूल इकाई हूँ मैं,
लता की स्वर व बिस्मिल्ला की शहनाई हूँ मैं,
हाँ कोई और नहीं केन्द्रीय विद्यालय हूँ मैं -2

राजेंद्र प्रसाद
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
(सामाजिक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 कांचरापारा

8

जन-मन की शान, भारत का मान

जन-जन की शान है,
भारत का मान है,
मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान है!
एक पाठ्यक्रम एक ही भाषा से सबको समझाया।
तक्षशिला से नालंदा तक का इतिहास पढ़ाया।
काठमांडू और मास्को चाहे हो तेहरान।
सबके अंदर दिखता अपना प्यारा हिन्दुस्तान।
जग में सम्मान है,
अपनी पहचान है,
मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान है।

आई.आई.टी., आई.आई.एम. सबमें अपने बच्चे।
जिनकी मेधा का लोहा भी मानते अच्छे-अच्छे।
इसरो से लेकर नासा तक हमने नाम कमाया।
भारत के स्वर्णिम गौरव का भी परचम फहराया।
पंछी की उड़ान है,
मन आसमान है,
मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान है।

'असतो मा सद्गमय' से होता प्रति दिन जहां प्रभात।
'तमसो मा ज्योतिर्गमय' से होती है शुरुआत।
छात्र-प्रतिज्ञा और प्रार्थना मानवता सिखलाती।
बनो राष्ट्र के श्रेष्ठ नागरिक का अभ्यास कराती।
इस पर कुरबान है,
तन मन और जान है,
मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान है।

मनोज कुमार गुप्ता
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (अंग्रेज़ी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.2 वायुसेना स्थल कानपुर

9

विद्यांचल ऐसा मिले मुझे

माँताचल से जब निकलूँ बाहर,
नन्हे हाथो में थामे बस्ते।
सपने आखों में सजा लिए,
विद्यांचल ऐसा मिले मुझे।
माँताचल से जब...

विविध संस्कृति जहाँ साथ मिले,
और हर भाषा में शिक्षण हो।
जहाँ खेल-खेल में अध्ययन हो,
और विविध विषयों का संगम हो
जहाँ निपुण भारत और एफ एलएन से
सीखने की जरूरत पूरी हो
विद्यांचल ऐसा मिले मुझे।
माँताचल से जब...

जहाँ बाल वाटिका प्यारी हो,
और सी सी ए की फुलवारी हो।
जहाँ बगिया ज्यमितीय का रूप दिखे,
और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी भी मूर्तदिखे
जहाँ ओ लैब और अटलट्विंकलिंग की
वेधशाला निराली हो
विद्यांचल ऐसा मिले मुझे।
माँताचल से जब...

जहाँ एन ई पी २० की नीति मिले,
और राष्ट्र प्रेम की सीख मिले।
जहाँ एस बी एस बी ,
और कला उत्सव कीउत्साह भरी तयारी हो।
जहाँ एस डी ज़ी,गोल और 21वीं सदी,
स्किल पाने का जोश भारी हो,
विद्यांचल ऐसा मिले मुझे।
माँताचल से जब...

हे तात मेरी ये बात सुनो,
केन्द्रीय विद्यालय में मुझको,
उत्तम शिक्षण की झलक दिखी।
गर मौका मै पा जाऊं जो,
के वी में अध्ययन कर पाऊं जो
मंगल की धरती नापूंगा,
सूरज पर ध्वज फ़हराउंगा।

ओलंपिक के सारे मैडल मै,
भारत माँ के चरणों में चढ़ाऊँगा।
तत्त त्वं पूषन अपवाणु
का ध्येय वाक्य दोहराऊँगा।
स्वर्णिम गौरवमय विश्व गुरु,
भारत की शान बढाऊँगा।

डॉ. सुनीता गुप्ता
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.1 जबलपुर

10

नए क्षितिज की नई उड़ान

राष्ट्रवाद का संकल्प लिए
निज नए क्षितिज की
और भरता उड़ान
शिक्षा और मानवता का संदेश देता
तत् त्वं पूषन् अपावृणु
की उम्मीदों पर अग्रसर हो
स्वाभिमान के लिए उद्घोष करता
मंजिलो पर बढ़ता खिलखिलाता
आज हर घर है ये कहता
मेरा केवि है महान
मेरा केवि मेरी शान

असत्य से सत्य की ओर चलने वाला
भारतीय संस्कृति सभ्यता का मान रखने वाला
साठ सालों की अनोखी यादों को पहचान दिलाता
के वि प्रगाढ़ मंज़िलों पर बढ़ता
कभी न थकता कभी न रुकता
हौसलों को पंख लगा उड़ता
मेरा अस्तित्व मेरी पहचान
मेरा केवि मेरी शान

प्रभामंडल को अलौकिक कर
नूतन शिक्षा प्रणाली को समावेशी बनाने को
नन्हे होंठों पर मुस्कान लाने को
नया इतिहास बनाने को
बाल वाटिका का आगाज हो चुका
आओ स्वर्णिम दीप जलाएँ
दुनिया को नया पाठ सिखाएं
मेरा केवि है महान

नई शिक्षा नीति के प्रारूप को
नूतन निति को सफल बनाए
विश्व में परचम फैलाएं
समृद्ध इतिहास बनाएँ
राष्ट्र को मजबूत बनाएं
लक्ष्यभेदी दर्शन दे जाए
मेरा अस्तित्व मेरी पहचान
मेरा केवि मेरी शान

पायल गुप्ता
प्राथमिक अध्यापिका
केन्द्रीय विद्यालय मॉस्को

11

मेरा के. वि. मेरा अभिमान

वीरों की धरती पर खिलता केन्द्रीय विद्यालय,
साठ वर्षों से बढ़ता नए उजाले की ओर,
ज्ञान का प्रकाश यहां छूता संकल्प की ऊंचाइयों का आसमान,
अद्यतन शिक्षा का नेतृत्व यहां की पहचान,
मेरा केवि मेरा अभिमान,
ज्ञान की धारा सदा प्रवाहमान।

शिक्षा का आदर्श स्थल, उच्च मानकों की शिक्षा का केन्द्र,
समृद्धि के पथ पर अग्रसर, नए उद्देश्यों की ओर,
उद्यमिता और साहस बढ़ाता, देता सभी विषयों का ज्ञान,
ख्याति इसकी देश–विदेश में, नहीं आवश्यक कोई प्रमाण,
मेरा केवि मेरा अभिमान,
ज्ञान की धारा सदा प्रवाहमान।

संस्कृति की भूमि, बच्चों का उत्कृष्ट संसार,
यहां पढ़े ज्ञानी बनते नेता और संगीतकार,
हर विद्यार्थी का होता मार्गदर्शन, मिलती सपनों को उड़ान,
मेरा केन्द्रीय विद्यालय, मेरा प्रिय स्थान,
मेरा के. वि. मेरा अभिमान,
ज्ञान की धारा सदा प्रवाहमान।

पुष्पेन्द्र कुमार
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय के. रि. पु. ब. बिजनौर

12

शिक्षा का दीप केन्द्रीय विद्यालय

मेरा केवि-मेरा अभिमान, हर पल ऊँचा रहे नाम
बढ़ता केवि संगठन नए भारत का नया अभिमान
शिक्षा की ज्योति जलाकर, करेगा जन कल्याण
आओ मिलकर करें, नव भारत का नव निर्माण।

नई शिक्षा नीति से नया बदलाव लाएगा यह
दुनिया के सामने अपनी पहचान बनाएगा यह
कला उत्सव से दुनिया में अपनी संस्कृति दिखाएगा यह
धरती से आसमान तक अपनी धाक जमायेगा यह।

खेलों में स्वर्णिम छलाँग लगाकर, दुनिया को यह बताएगा
धूल चटाकर भेजेंगे मैदानों से, जो नए भारत से टकराएगा
विज्ञान की नई खोज से, अंतरिक्ष में अपनी धाक जमायेगा
नए आयाम प्राप्त करने के लिए, दुनिया को नई राह दिखाएगा।

ऐसे शिक्षा के मंदिर को, हम करते हैं नित वंदन
शिक्षा की ज्योति जलाने के लिए तैयार हैं हम हरदम
सरकार ने जनता की भावनाओं का किया पूरा मंथन
तब 1253 विद्यालयों का हुआ, केन्द्रीय विद्यालय संगठन।

सोहन लाल
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय डिफू, कार्बी अंग्लोंग

13

मेरा गौरव केन्द्रीय विद्यालय

मैं आज कुछ खास लिख रही हूँ,
केन्द्रीय विद्यालय का स्वर्णिम इतिहास लिख रही हूँ।

60 वर्षों से जो सफलता के नए आयाम छू रहा है,
निरंतर बढ़ रहा है अपने पथ पर ऊँचाईयां को अविराम छू रहा है।

जहां हम बच्चों को पढ़ाई और संस्कारों से सींचते हैं,
यहाँ बच्चे ही नहीं शिक्षक भी हर दिन कुछ नया सीखते हैं।

विद्यार्थी जो संस्कृति, कला और तकनीकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं,
वो देश में ही नहीं विदेशों में भी के.वि. का परचम लहरा रहे हैं।

चन्द्र यान 3 जो चांद को छू रहा है, उसमे भी के.वि. के नौनिहालों का योगदान है,
के.वि. सिर्फ मेरी जीविका नहीं मेरा संपूर्ण परिचय मेरी पहचान है।

मैं गौरवान्वित हूँ कि मैं के.वि. की एक मजबूत कड़ी हूँ,
मेरे विद्यार्थियों की सफ़लता मे मैं भी एक सीढ़ी हूँ।

मैं के.वि.एस. को नमन करती हूँ कि वो राष्ट्र निर्माण में तत्पर है,
बिना रुके, बिना थमे कर्तव्य पथ पर अग्रसर है।

देश की प्रगति में के.वि.सं. का सफल प्रयास लिख रही हूँ।
हाँ, मैं आज कुछ खास लिख रही हूँ,
केन्द्रीय विद्यालय का स्वर्णिम इतिहास लिख रही हूँ।

रुचि गुप्ता
स्नातकोत्तर शिक्षिका (रसायन शास्त्र)
केन्द्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल बरेली

14

हर कदम यहां शिक्षा की उड़ान

केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान
विद्या का यहां होता दान
जन-जन करता इसका गुणगान
देश का गौरव हमारी शान
मेरा के.वि. मेरा अभिमान।

शिक्षा का दीप जलता प्रतिपल
ज्ञान का अमृत बहता कल कल
यत्नशील शिक्षक प्रयत्नशील छात्र
सब मिलकर बढ़ाएं इसका सम्मान
मेरा के.वि. मेरा अभिमान।

हर कदम यहां शिक्षा की उड़ान
नवाचारी विधियों का नव आयाम
ज्ञान का संचार सर्वांगीण विकास
शिक्षा खेलकूद कला और विज्ञान
मेरा के.वि. मेरा अभिमान।

नव शिक्षा नीति का समावेश
एफ. एल. एन. का हुआ प्रवेश
निपुण बनेंगे आगे बढ़ेंगे
हर क्षेत्र में नई पहचान
मेरा के.वि. मेरा अभिमान।

केन्द्रीय विद्यालय की उच्च प्रतिष्ठा
संयम परिश्रम नैतिकता निष्ठा
नवीन तकनीकियों का नवनिर्माण
उच्चतम शिक्षा सर्वोत्तम परिणाम
मेरा के.वि. मेरा अभिमान।

निरंतर उन्नति की राह पर अग्रसर
संसिद्धि की उच्च शिखर को प्राप्त कर
निर्मित करता आदर्श इंसान
बनेगा अपना देश महान
केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान।

पूनम कपिल
प्राथमिक शिक्षिका
केन्द्रीय विद्यालय बूंदी

15

अनेकता में एकता की मिसाल है के.वि

अनेकता मे एकता का मिसाल है मेरा के.वि.
भारत का स्वर्णिम गौरव है मेरा के.वि.
तक्षशिला नालंदा को लौटाने मे सक्षम है मेरा के.वि.
असतोमा सद्गमया का मूल मंत्र देती है मेरा के.वि.
ओम सहनाभवतु पर बल देते हैं मेरा के.वि.
राजभाषा हिंदी को बढावा देती है मेरा के.वि.
एक भारत श्रेष्ठ भारत का मिसाल है मेरा के.वि.
खेलकूदों को अंजाम देते हैं मेरा के.वि.
पाठ्येतर गतिविधियों मे अग्रणी है मेरा के.वि.
मेरा के वि सरताज है इस दुनिया मे
अंग्रेजी, हिंदी, प्रांतीय भाषाओं को बढावा देती है मेरा के.वि.
सब कुछ समाया है मेरा के.वि. मे,
सत्यम, शिव, सुंदरम का संगम है मेरा के.वि.
मेरा अभिमान, पहचान है के.वि.
मेरा अभिमान पहचान है के.वि.

डॉ. शैलजा टी एच
पी जी टी (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय केलट्रोन नगर

16

मेरा मान मेरा सम्मान

मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा मान है, सम्मान है
स्वर्णिम है भविष्य इसका, इस पर मुझे अभिमान है
जाति-धर्म से बढ़कर मानवता का पढ़ते हम पाठ है
कर्तव्य पथ पर चलकर करते, हर लक्ष्य संधान है
मिलकर पढ़ते हम सब बच्चे, सीखते बातें सच्ची है
एक है गणवेश हमारी, एक हमारी पहचान है
केवल किताबी ज्ञान नहीं, जीना भी सिखलाता हैं
कर्मवीर बनाता हमको, दृढ़ता में हम चट्टान है
परचम हर जगह सफलता का, हमने ही लहराया है
बनाये है इतिहास कई, रचाये कई कीर्तिमान है
बनकर सूरज चमकते है, फैलाते है उजियारा
उन्नति के, प्रगति के लेकर आए नए विहान है
दुर्गम स्थानों पर भी, शिक्षा की अलख जगाता है
सबसे अलग सोच इसकी, बनाती इसे महान है
बच्चों के हित से जुडी होती है हर योजना
संस्कारों को करता है पुष्ट, ये ऐसा संस्थान है।

अनिल कुमार यादव
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4, जयपुर

17

मेरा विद्यालय

मेरा विद्यालय वही जो परम मंगलमय हो
अद्वितीय अलौकिक कीर्ति निलय हो
सौम्य-सुवदन-सुविकसित जिससे सब हों
जिसकी शुचिता प्रीति-बेलि प्रति उर में हो
अतुलित बल जिससे बने जाति अति बलवती
बहु लोकोत्तर फल लाभ हो भारत भूमि फलवती।

है भवहित मूल भूत इस विद्यालय का
पूजनीय-वंदनीय शिक्षा के देवालय का
इसमें होती है जाति संगठन की शुभ पूजा
होता सहयोग मंत्र स्वर इस में गूँजा
कटुता-संकीर्णता-कलह-कुटिलता-कुरुचि अबल
कर दूरित इसमें बहती अमृत धारा प्रबल।

शुभ आशाएँ वहाँ समर्थित रंजित होतीं
कलित कामनाएँ अनुमोदित व्यंजित होतीं
वहाँ सरस जातीय तान रस बरसाए
देश प्रीति की उमग राग रुचिकर गाए
पूरित होती गरिमा सहित व्यवहार सुवाद्य स्वर
उसमें वीणा सहकारिता बजकर देगी मुग्धा कर।

जिसमें कलह विवाद वाद आमंत्रित न हों,
सद्भाव जहाँ पर बीज एकता का बोए
जहाँ सकल उदात्त भाव परम सफल।

जीवित रहे विवेक जहाँ होकर सबल
इस विद्यालय की आत्मा है अनेकता में एकता
होती विलोप जातीयता-धर्म-रंग-भाषा की भिन्नता।

अब सोचें, इतनी विशेषताओं वाला यह कौन-सा विद्यालय है ?
विद्यालय, जो एक सूत्र में बंधा एकता-निजता मय हों
छात्र-वृन्द भारतीय भाव से पूरित हों
आत्म त्यागरत रहते परहित की सोचें
बढ़ाए परस्पर प्यार औ कुम्हलाए मानस खिले
जी हां, ये हैं केंद्रीय विद्यालयम भारत की शान...भारत की पहचान।

मीता गुप्ता
स्नातकोत्तर शिक्षिका (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, बरेली

18

मेरा देश

आइए विश्व को कराएं एक सैर
वैश्विक सभ्यता के मानस पटल पर जिसकी है अटल तस्वीर
प्रकृति के इंद्रधनुष सी सतरंगी जैसी संस्कृति हो जहां
हर तरफ सुषमा है ऐसी बिखरी
हो चाहे कश्मीर, या हो फिर कन्याकुमारी
एकलव्य जैसी गुरु दक्षिणा है जहां, पन्नाधाय जैसा बलिदान है जहां।

शौर्य गाथा छुपी हुई है जिस माटी में
महाराणा प्रताप और पृथ्वीराज जैसे शूरवीर हैं जहां
बुद्ध से गांधी तक अहिंसा की लहर है जहां
लक्ष्मी बाई की गाथा से अब्दुल हामिद जैसा पराक्रम है जहां।

यह मेरा देश जहां भगत से कलाम पूजे जाते हैं
जहां राम ,रहीम, ईश, महावीर की स्तुति हम गाते हैं
कौन है? किस देश की है यह दुर्लभ तस्वीर?
किसके नक्शे पर लिखी है ऐसी तकदीर?
आओ बताएं विश्व को
यह कोई और नहीं यह मेरा हिंदुस्तान है
जिसकी माटी और उन्नति पर मुझे अभिमान है
शावक के हैं गिने, जिसने दांत बचपन में
यह मातृभूमि है उस वीर भरत की
हां यह कोई और देश नहीं, बल्कि तस्वीर मेरे भारत की
हां मेरे अखंड भारत की।

रेखा चमोली
प्राथमिक शिक्षिका
केन्द्रीय विद्यालय भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून

19

केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुष

गागर में सागर भरते है,
करते रहते हैं नित नए काम,
हे! केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुषों,
तुझको शत शत मेरा प्रणाम!

आप ही तो हो उद्धारक,
आप ही हो ज्ञान की खान,
आप में ही बसे रहते हैं,
इन बच्चों के प्राण,
हे! केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुषों,
तुझको शत शत मेरा प्रणाम!

आप ही तो हो सखा पार्थ के,
आप ही ने बाँटा गीता का ज्ञान,
आप ही तो फैलाते रहते,
अंधकार में भी प्रकाश,
है! केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुषों,
तुझको शत शत मेरा प्रणाम!

आप ही ने तो बदली है,
दुनिया, करते रहते नित नए काम,
आप ही फूँकते रहते,
मुर्दों में भी जान,
है ! केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुषों,
तुझको शत शत मेरा प्रणाम!

दे दिए हैं देश को बहुमूल्य साठ साल,
करते रहे हो हरदम कमाल पे कमाल,
देश रखेगा हरदम याद,
मचाते रहो देश में धमाल,
है! केन्द्रीय विद्यालय के मानस पुरुषों,
तुमको शत शत मेरा प्रणाम!

महेश कुमार मीणा
स्नाकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय बद्दोवाल छावनी लुधियाना

20

मेरी हिंदी

बनी राजभाषा हिन्दी तो, कितना राष्ट्र सँवार
क्यों न राष्ट्रभाषा पद पर भी, हो अधिकार तुम्हारा,

हिन्दी है समृद्ध, श्रेष्ठ, विकसित, गतिशील सुभाषा
है समर्थ कर रही पूर्ण, जनमानस की अभिलाषा,
सहज सरल सम्प्रेषण क्षमता, अद्भुत अपनापन है,
गुरुता, लाघव का नव संगम, ललित लचीलापन है,
भाषा, नभ में कहाँ मिलेगा, हिन्दी सा ध्रुवतारा।

हिन्दी भारत माँ के स्वर्णिम युग के यश की गायक,
हिन्दी विविध कला संस्कृति कीए नित अविरल उन्नायक,
हिन्दी जिसने विस्तृत भारत भू को एक किया है,
हिन्दी जिसने सकल राष्ट्र माला में गूँथ दिया है,
अब तो अखिल विश्व में बहतीए हिन्दी की रसधारा।

संबंधों के अनुबंधों की कुशल लेखनी हिन्दी,
नवल सर्जना, अनुसंधानों, के माथे की बिन्दी,
है व्यापक प्रसार हिन्दी का, भारत के कण, कण में,
हिन्दी बसी शांति की नगरी, और बसी हर रण में,
यही कामना हिन्दी का, गूँजे चहुँदिशि जयकारा।

राष्ट्र चिन्ह गौरव हैं, द्योतक हैं सौभाग्य उदय के,
राष्ट्रगान, ध्वज, चिन्ह, राष्ट्रभाषा प्रतीक जय, जय के,
कहाँ राष्ट्रभाषा बिन भारत राष्ट्र पूर्ण हो पाया,
भारतेंदु, गाँधी के स्वप्नों ने असीम सुख पाया,
हिन्दी बने राष्ट्रभाषा तो, फैलेगा उजियारा।

बनी राजभाषा हिन्दी तो, कितना राष्ट्र सँवारा
क्यों न राष्ट्रभाषा पद पर भी, हो अधिकार तुम्हारा,

सन्तोष कुमार दुबे
पीजीटी अंग्रेज़ी
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 अर्मापुर, कानपुर

21

मेरा अमृत मेरा देश

चलो आज फिर भारत माँ की जय जय गाते हैं
आजादी के अमृत का इतिहास दोहराते हैं
बलिदानी मंगल पांडे को कौन भुला पाया है
झाँसी रानी का क्या तुमने कर्ज चुका पाया है
सीने पर गोली खाकर भी जो भारत की जय बोले
सन् सत्तावन के वीरों को कौन मिटा पाया है।

मृत कांग्रेस को संजीवनी तिलक लाजपत लाये
उधम सिंह और सावरकर ने हंस हंस शीश गंवाये
रंग दें बसन्ती चोला गाकर भगत सिंह इठलाये
हंस हंस कर फांसी पर झूले तनिक नही घबराये।

आजाद हिंद के वीरों ने जब दुश्मन को दहलाया
भारत छोड़ो के नारे ने हर गोरे को थर्राया
सर्वस्व न्योछावर की कीमत पर आजादी हमने पाई
पंद्रह अगस्त के शुभ दिन ही झंडे को सलामी लगाई।

गांधी सुभाष की धरती पर क्यों भ्रष्टाचार पनपता
भीमराव के भारत में क्यों हर लाचार सिसकता
चलो करें संकल्प कि हर दुखियारे को अपनाये
आजादी के अमृत पर्व पर झंडा तभी फहराये।

चलो आज फिर भारत माँ की जय जय गाते हैं
आजादी के अमृत का इतिहास दोहराते हैं।

अवधेश कुमार कौशल
पी.जी.टी. जीव विज्ञान
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2,
अर्मापुर, कानपुर

22

केन्द्रीय विद्यालय हमारा

सुंदर भविष्य की तस्वीर लिए, शिक्षा का यह मन्दिर प्यारा,
बच्चों को शिक्षित करने में, सबसे आगे केन्द्रीय विद्यालय हमारा।

इन गौरवशाली साठ वर्षों में, शिक्षा में हैं नाम कमाया,
नये नवाचारों को अपनाकर बच्चों का भविष्य संवारा।

पहले सैन्य बलों के बच्चों की, शिक्षा का था लक्ष्य हमारा,
अब सभी विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य हमें है प्यारा।

शिक्षा, खेल, पाठ्यसहगामी क्रिया, संगीत, कला, योग अपनाया,
कर निष्णात हरेक विधा में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाया।

केन्द्रीय विद्यालय की हर कक्षा में एक लघु भारत सा पाया,
भाषाई विविधता के साथ ही हमने, ज्ञान का द्वार सजाया।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अब केन्द्रीय विद्यालय ने अपनाया,
सभी शिक्षकों ने मेहनत से छात्रों में एक नव विश्वास जगाया,
“तत् त्वं पूषन् अपावृणु” वाक्य, को हमने आदर्श बनाया।

संभव जैन
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 सागर

23

केन्द्रीय विद्यालय की परिकल्पना

मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा अभिमान है,
मेरे हिंद देश की देखो यह अनूठी शान है।
बात ना पूछो इसके गौरवमयी इतिहास की,
यह चमक है एक अलौकिक दिव्य ही आभास की।

नवसृजन के पथ पर जब हिंद कर रहा था संकल्पना,
वेद की ऋचा से पोषित हुई केन्द्रीय विद्यालय की परिकल्पना।
'तत् त्वं पूषण अपावृणु' का जयघोष लेकर,
शांति, प्रेम, सद्भाव को समर्पित शिक्षा का संदेश लेकर।

विश्व धरा को कुटुम्ब बनाने कदम से कदम था मिलाया,
कोटि-कोटि नन्हीं कलियों को मातृभूमि चरणों में समर्पित,
शिक्षा से पूरित युवा शक्ति पुंज पुष्प बनाया।
हिमाद्रि से जैसे बहती धाराएं अनेक है,
मेरे केन्द्रीय विद्यालय की इस भू धरा पर शाखाएं अनेक है।

न जाति-पाति का बंधन है ना भाषा यहां बनती बाधा है।
सुसंस्कृत नागरिक हो हर विद्यार्थी,
मेरे केन्द्रीय विद्यालय ने लक्ष्य यह साधा है।
हिंद की संकल्पना, अनेकता में एकता का सुर करता एक निनाद है।

मेरा केन्द्रीय विद्यालय मेरा मान है, अभिमान है।
शिक्षा जगत के गगन में आदित्य कोटि समान है।

तरुणा शर्मा
प्र. स्ना. शि. (संस्कृत)
केन्द्रीय विद्यालय, गज्ज भुंगा, होशियारपुर

24

के. वि. ही मेरी पहचान

के. वि. ही मेरा अभिमान, के. वि. ही मेरी पहचान,
के. वि. से ही रोज़ी मेरी, के. वि. ही मेरा स्वाभिमान,

सुबह-सुबह विद्यालय के, बच्चों को हँसता पाती हूँ,
सारी चिन्ता, सारे दु:ख, मैं भूल स्वंय को जाती हूँ,
बच्चों ने ही लक्ष्य दिया है, दे दी है मुझको पहचान,
के. वि. ही मेरा अभिमान।

ई.बी.एस.बी, शाला दर्पण, के संग यू.बी.आई है,
दीक्षा पोर्टल, एकम ने तो, जग में धूम मचाई है,
भाषा संगम सबको जोड़े, जैसे दो तन में इक प्राण,
के. वि. ही मेरा अभिमान।

के. वि. का मक्सद बच्चों को, अच्छे इन्सान बनाना है,
पहचान करा के खुद की, अन्तर शक्ति से जुड़वाना है,
देश विदेशों में के. वि. ने, दी है भारत को पहचान,
के. वि. ही मेरा अभिमान।

के. वि. एस. के कार्य तरीके, अन्दर तक छू जाते हैं,
इन सर्विस, इनडक्शन, हमको अति समृद्ध बनाते हैं,
'हिमान्शु' ने जो पाया कैसे, कर पाए उसका बखान,
के. वि. ही मेरा अभिमान।

हिमान्शु सहगल
स्नातकोतर शिक्षक वाणिज्य
के. वि. क्र. 2, फिरोजपुर छावनी
फाजिल्का रोड़, फिरोजपुर

25

मैं लघु भारत हूँ, मैं के.वि. हूँ

मैं लघु भारत हूँ, मैं के.वि. हूँ
मुझे देश से बहुत प्यार है
छः दशकों से एक लक्ष्य है
अपना भारत एक बनाना
अपना भारत श्रेष्ठ बनाना
अपना भारत सबल बनाना
भाषा संगम के द्वारा मैं
सबको एक सूत्र में बांधू
गणित और विज्ञान सिखाऊँ
तकनीकी में दक्ष बनाऊं
व्यवसायों का देकर ज्ञान
एन ई पी को सफल बनाऊं
यही स्वप्न है यही लक्ष्य है
मैं लघु भारत हूँ, मैं के.वि. हूँ

मुझे लक्ष्य से बहुत प्यार है
कला यहाँ पर रंग जमाती
गीत और संगीत बिखरते
खेल कूद से स्वास्थ्य निखरता
बाल वाटिका शान है इसकी
विविध संस्कृति का रक्षक मैं
भारत का हूँ मैं अभिमान
मैं लघु भारत हूँ, मैं के.वि. हूँ
मुझे देश से बहुत प्यार है

प्रदीप नारायण तिवारी
स्ना.शिक्षक (भौतिक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय चित्रकूट

26

केवीएस - एक सूर्य

साठ वर्ष का केवीएस दिननायक, अविरल चलता जाता,
शिक्षा के मंदिर के कण- कण, गाते इसके गर्व की गाथा।

बच्चों की शिक्षा हित में, अनगिनत बदलाव हुए,
जो स्वप्न संजोए वत्सल ने, पूरे उनके ख्वाब हुए।

शिक्षा के आलय का परचम, उच्च शिखर लहराता हैं,
है के.वि.एस. की बात अलग नित, आगे बढता जाता है।

शिक्षा के मैदानों में, इसका कोई जोड नहीं,
अन्य अपाहिज से लगते, कर सकता कोई होड नहीं।

जो नया सवेरा लाता है, सूरज की बस बात यही,
जो प्रसरण प्रभा प्रबोध रोके, उस तिमिर तनिक औकात नहीं।

केवीएस एक सूरज है, जो नित प्रकाश का जरिया है,
जिसकी किरणों से महके, बच्चों की फुलबगिया है।

इस बगिया का हर एक फूल, सारे जग में महकेगा,
जब तक " भानु" रहे गगन में, "केवीएस" का नाम रहेगा।

बिजेन्द्र सिंह
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र.5 ग्वालियर

27

के.वि. संगठन की नहीं कोई मिसाल

साठ को कहते है सठिया, परेशां करे गठिया
मगर केविसंगठन हुआ साठ में और भी बढ़िया
सन तिरसठ से आज तक का हर पड़ाव अलहदा
देश के चारों कोनों में संगठन नाम गूंजें सर्वदा
के वि संगठन है शिक्षा जगत का वह तीर्थ जहाँ
शिक्षा के हर बदलाव का प्रयोग रहता है सफल वहाँ
अखिल भारतीय चयनित प्रशिक्षित शिक्षकों की फ़ौज
कक्षा में करें वह कौशल उन्नयन के नवाचार रोज
हर सबक सिखाएं जीवन जीने की बेहतरीन कला
ज्ञान के साथ सुलझाएं विद्यार्थी करियर का मसला
न भाषा न रूप न प्रान्त न धर्म न जाति की कोई दीवार
'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संबल है केन्द्रीय विद्यालय परिवार
'तत् त्वं पूषन अपावृणु' का ध्येय वाक्य मार्ग करे प्रशस्त
केवि संगठन पर सदैव बना रहता है माँ सरस्वती का वरदहस्त
क्या खिलाड़ी, क्या कलाकार, क्या वक्ता, क्या अभिनेता
हरफनमौला भविष्य गढ़ने से शुरू से है संगठन का नाता
स्वस्थ भारत, बलिष्ठ भारत, हुनरमंद भारत बनाने का संकुल
साठ का संगठन बना है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अविराम मूल
साठ सालों की तपस्या साठ, सालों का अनुभव बेमिसाल
देश में नहीं के.वि. संगठन की और कोई कहीं मिसाल

कुन्दन राठौर
स्नातकोत्तर शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी

28

शिक्षा का ध्रुवतारा

अज्ञानता के अंधकार में,
जल रहा जो एक दिया।
देश में शिक्षा को जिसने,
एक नया स्वरूप दिया।

पढ़ सके विन कोई अड़चन,
वीर जवानों के नौनिहाल।
लक्ष्य निहित कर जन्मा के.वि.,
पंद्रह दिसंबर तिरसठ का साल।

उत्तम शिक्षा अनुशासित जीवन,
खेल कला विज्ञान सृजन।
रचनात्मक संस्कृतिमय परिवेश,
संस्कारों का जहां होता अर्जन।

मूल्यपरक गुणवत्तायुक्त शिक्षा,
जिसका एक प्रयास है।
छात्रों की प्रतिभा कौशल को निखारे,
इसकी अपनी एक छवि खास है।

साठ बरस से अविरत चमके,
अंतरिक्ष में जो ध्रुवतारा।
शिक्षा के हर क्षेत्र में अव्वल,
प्यारा केन्द्रीय विद्यालय हमारा।

पंकज रस्तोगी
स्नातकोत्तर शिक्षक (भौतिक विज्ञान)
केन्द्रीय विद्यालय ओएनजीसी, अगरतला

29

60 साल का सुंदर लेखा

साठ साल का सुंदर लेखा
कितने रूपों में है देखा
विश्व फलक पर चमका नाम
के. वि. का गौरव गान
परिवर्तित नवयुग के संग
बही नवाचारों की तरंग
भाषा, ज्ञान, विज्ञान, संस्कृति का सरंक्षण
हर भारती, को के.वि. का अभिनंदन
विद्यांजलि बालवाटिका भविष्य का युगबोध है
पुस्तकोपहार ज्ञान परम्परा का शोध है
के.वि. भारत का स्वर्णिम गौरव लाया है
मानवता के पथ पर सत्य ही सरसाया है
सत्य कहूँ मेरा के. वि. मेरा अभिमान है
के. वि. प्रगतिमान भारत का मान है।

डॉ. सुशील कुमार
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 जालंधर छावनी

30

मेरा प्यारा केन्द्रीय विद्यालय

मेरा प्यारा के.वि.
बड़ा ही न्यारा के.वि.
के वी की पहचान ही अलग जान पड़ती,
सबसे बडी इसकी शान दिखती।
किसी में कोई भेद ना ये कर पाता
प्रत्येक धर्म को ये आश्रय देता,
साथ ही सब में परस्पर सद्भाव और प्रेम सिखाता।

मेरा प्यारा के.वि.
बड़ा ही न्यारा के.वि.
बच्चे, अध्यापक सभी को यह
अपनापन महसूस कराता।
कुछ नया सीखने का अवसर दिलाता
इतने बड़े संगठन में अपनी एक नई पहचान मिलती।
आगे बढ़ने का मौका मिलता,
नई-नई उमंगों को पूरा करने का अवसर मिलता।

मेरा प्यारा के.वि.
बड़ा ही न्यारा के.वि.
कई तरह की प्रतियोगिताएँ और गतिविधियाँ कराता,
अनेक क्षेत्र में शिक्षकगण और छात्रों की पहचान बनाता
जैसे कभी फिट इंडिया क्विज़ जरिए
कभी आज़ादी का अमृत महोत्सव के जरिए तो
कभी परीक्षा पे चर्चा के जरिए
छात्रों को माननीय प्रधानमंत्री जी से जोड़े रखता
कभी जी-20 के जरिये हमारी पहचान बनाता।
खेलों के क्षेत्र में भी इसकी भूमिका अग्रणी रहती
हर छात्र को प्रत्येक खेल में अवसर देता
जो आगे आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरित कर जाता।

मेरा प्यारा के.वि.
बड़ा ही निराला के.वि.
हिंदी पखवाड़े के जरिये
ये हिंदी का प्रचार- प्रसार करना सिखाता
केवल उत्तर भारत में ही नहीं बल्कि
पूर्वी, दक्षिण भारत के राज्यों में भी
हिंदी की गरिमा को,
हिंदी राजभाषा के जरिए कायम रखता।
हर भाषा को सीखने का अवसर देता,
सबको एकता का पाठ पढ़ाता
और एक भारत को इस तरह श्रेष्ठ बनाता।

मेरा प्यारा के.वि.
सबसे न्यारा के.वि.
जितना भी इसके लिए शब्द कहे जाएँ, उतने ही कम हैं
यहाँ आकर मुझे एक नयी पहचान मिली
अनुभव मिला, साथ काम करने वाले साथियों का प्यार मिला,
छात्रों का सम्मान मिला,
दक्षिण भारत में रहकर
एक नया अपनापन मिला और
यह के.वि. परिवार मिला,
राजभाषा के अंतर्गत काम करने का अनुभव मिला
साथ ही जगह-जगह भ्रमण करने का मौका मिला।
तभी तो मेरा के.वि. मेरी शान व मेरी पहचान बना।

प्रियंका शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 तिरुचिरापल्ली

31

ज्ञान का प्रकाश

“अ”का अक्षर पता नही था
आज आसमान की ऊँचाई पता है।
धरती, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा का ज्ञान है
शिक्षा मेरा गौरव है
के.वि. मेरा अभिमान है
अज्ञानता के अंधेरे से,
ज्ञान का प्रकाश दिखाया है
जब भी पड़ा मै भंवर मे
दे हाथ अपना उबारा,
जीवन के हर पल मे शिक्षा रस है तुम्हारा
कैसे करूँ मै आभार तुम्हारा
मिट्टी से, तुमने महकता चन्दन बनाया है
के.वि. मेरा आत्म सम्मान, अभिमान है।

संजय कुमार
प्राथमिक शिक्षक
केन्द्रीय विद्यालय पाटण

32

साठ वर्ष के कालखंड में

आज लेखनी फिर उपकृत है,
मन वीणा आज फिर झंकृत है।
भावों का उद्वेलन है,
मन में थोड़ा विचलन है।
के.वि.सं के 60 वर्ष का,
शब्दों में करना परिसीमन है।
1963 की 15 तारीख, माह दिसम्बर का स्वर्णिम दिन, जब के.वि. सं का संधान हुआ,
संस्कृति और सभ्यता के नए युग का मानो अनुसंधान हुआ।
नालंदा-तक्षशिला के स्वर्णिल युग की अतुल्य गाथा,
शिरोधार्य कर चला संगठन, गा अतीत की गौरव गाथा।
विद्या की अजस्र धारा का यह अलौकिक स्रोत है,
मन मुग्ध, हर्षित आज जैसे लिख रहा पुनीत श्लोक है।
एकता के सूत्र में बंधे हुए सब लोग हैं,
भेद है न रंग का, न भाषा, वेष ,परिवेश का।
न द्वेष है, न क्षोभ है,
विस्तार है बस सौहार्द के रत्नेश का।
नियम,शील, तप ,सदाचार का यह अडिग हिमालय है,
नन्हे किसलय पोषित होते जिसमें, यह अनुपम, पुनीत वो आलय है।
राष्ट्रीय एकता और भारतीयता का यह मूर्त प्रतिबिंबन है,
प्रतिभा, उत्साह और रचनात्मकता का महज नहीं यह अंकन है।
वसुधैव कुटुंबकम की जो पाटी, पढ़ी सुनी थी मैंने बचपन में,
साकार रूप में प्रस्फुटित हुई वह के.वि.सं के आंगन में।
तुम ही मेरी कर्म स्थली, तुम ही मेरा अभिमान हो।
तुम ही पहचान, तुम ही मेरा सम्मान हो।
साठ वर्ष के कालखंड में नित नवीन इतिहास रचे,
नव चेतना, नवाचार, सौहार्द ,प्रेम के गीत सजे।
पूर्णिमा के चांद सम संगठन का धवल विस्तार हो
नित नवीन उन्नयन का पथ निष्कंटक अविराम हो।।

डॉ. चारू शर्मा
प्राचार्या
डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय
राष्ट्रपति भवन परिसर, नई दिल्ली

33

ज्ञान दान के छह दशक

छह दशकों से अहर्निश
ज्ञान की जोत जला रहा
बाज़ारवाद की शोर में
राष्ट्रवाद का अलख जगा रहा।
मशीनीकरण के दौर में यह
संवेदना का शीतल अहसास है
'फैशन' की आपाधापी में
यह संस्कृति का शंखनाद है।

कुछ तो है इसमें बात
जाड़ा गर्मी या हो बरसात
कालजयी अवधूत की भांति
ज्ञान पुष्प खिला रहा निर्घात।
सबके सपनों को यह साकार कराता
भारतीय संस्कृति का यह ध्वजवाहक
सर्व धर्म समभाव का अलख जगाता
इसीलिए यह 'मिनी इंडिया' कहलाता।
अहर्निश अविरल ज्ञान की गंगा बहाता
विद्यार्थियों की अभिरुचियों को भी मांजता
क्या अमीर क्या गरीब, सबको यह भाता
समभाव से यह भी सबको है अपनाता ।
अविचल कर्तव्य पथ पर है टिका हुआ
अविरल अटल कर्म पथ पर बढ़ता हुआ
हर भारतीय के उम्मीद की किरण है यह
भारत की शिक्षा नीत का ध्वजवाहक है
यह मात्र संगठन नहीं, संस्कार है
भारत व भारतीयता का गौरवगान है
ऐसे गौरवशाली संस्थान को
नमन है! वंदन है! अभिनंदन है!!

डॉ. शुभ नारायण सिंह
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय
राष्ट्रपति भवन परिसर, नई दिल्ली

34

ज्ञान का उद्गमस्थल

केन्द्रीय विद्यालय : वर्तमान में ज्ञान का उद्गमस्थल
मैं ज्ञान हूँ इस जगत को, भगवान् का वरदान हूँ,
चिंतन अमूरत रूप में हूँ, मूर्त शब्द-विधान हूँ।
यदि मूर्त में व्यवहार हूँ, तो सूक्ष्म में संज्ञान हूँ,
हूँ सुन्दरम अनुभूति मैं, हर सभ्य का परिधान हूँ।
हूँ मैं यंत्र रूप में यांत्रिकी, जिज्ञासु का विज्ञान हूँ,
मैं हूँ लेखनी विद्वान् की, मैं ही राष्ट्र का संविधान हूँ।
अरि हूँ यहाँ अभिमान का, दाता मैं ही सम्मान का,
प्रतिकारकर्ता मैं स्वयं ,कौटिल्य के अपमान का।
यह प्रेम भारतवर्ष से, जग में अलग ही बात है,
संगम सनातन रूप से, मेरा जगत विख्यात है।
सशरीर तट पे सरस्वती के, जन्म जब मैं पा गया,
तब वेद के नव-नाम से, जग में पुकारा मैं गया।
फिर उपनिषद-आरण्यकों, का रूप मैं धरते हुए,
फैला धरा पर विद्व की, जयकार मैं करते हुए।
मेरा भवन निर्मित हुआ, प्रस्तर शिला से तछशिला,
नालन्द से होते हुए मैं, बल्लभी में जा मिला।
मैं आज अगणित रूप में, भू पर सकल आबद्ध हूँ,
मध्याह्न के दिनकर सरिस, जिज्ञासुओं में दग्ध हूँ।
संस्थान के.वि. है अभी, इस ज्ञानियों की भूमि पर,
अनुराग इतना है मुझे, वह बन गया है आज घर।
अध्याय, अध्यापक यहाँ, आबद्ध अध्येता सभी,
इस राष्ट्र की बस एकता के, सूत्र-त्रय हैं ये अभी।
जब तक सुरक्षित हैं यहाँ, केवी सरस इस भूमि पर
बिन जल खिले जलजात, देखोगे यहाँ मरुभूमि पर।।

रवि कुमार
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय पय्यन्नूर

35

नन्हा हिंदुस्तान

शिक्षा का पैग़ाम यहाँ है, ज्ञान का उत्तम धाम यहाँ है।
संस्कृति की गोदी में पलता, नन्हा हिन्दुस्तान यहाँ है।
तत्त्वंम् पूषन् अपर्वनु है लक्ष्य हमारा उद्घोषक,
अँधियारे को दूर भगाये, नव-जागृति का पोषक।
टैगोर, अशोक रमन, शिवाजी- महापुरुषो की दिव्यधरा
विविधता मे एकता और आधुनिकता में परम्परा।
भूल चुके जो मौलिक बातें, फिर से उनको सिखलाते हैं
'बैक टु बेसिक' आगे लाये, जो बच्चे पीछे रह जाते हैं।
नए सफ़र मे 'नन्हे मुन्हे' अपने पंख जो फैलाते हैं।
खेल-खेल में शिक्षक उनको उड़ने के गुर सिखलाते हैं।
खुली किताबों जैसा चेहरा, शाला दर्पण दिखाता है
पारदर्षिता की परिभाषा, सूचना तकनीकि सिखाता है।
भारत होगा स्वस्थ तभी, जब बच्चे होंगे स्वस्थ शरीर।
योगा, तैराकी, खेलकूद से निकलेंगे बलवान।
जब हर शिक्षक हर बालक के.वि. परिवार से जुड़ जाएगा,
उन्नत होगा भारत और विश्वगुरु कहलाएगा।

नेहा केडिया
पी जी टी (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय जेएनयू एनएमआर

36

हम शिक्षा के प्रहरी

साठ साल से गौरव मंडित,
कर भारत का उन्नत भाल,
नवयुग की हम तक्षशिला हैं,
भारत भावी रहे उजाल,
हम नवाचार, नव संस्कृति,
नवयुग का करते आगाज़,
आओ पूजन अर्चन कर लें,
सजा आरती का नव थाल।
हम शिक्षा के परम प्रहरी, हम के.वि. के नौनिहाल,
हम के वि के नौनिहाल हैं, हम के.वि. के नौनिहाल।

अग्रिम पंक्ति सदा हमारी,
हम हैं नायक कल के,
आसमान के हम परिंदे,
हम मालिक जल, थल के,
हम भारत, भरत हम ही हैं
हम राम-कृष्ण वतन के,
गड़ी क्षितिज पर अपनी दृष्टि
हम पाएं मंजिल जतन से,
हम अकाम, हमसे है दीक्षा,
हम ही भारत श्रेष्ठ बनाएं,
हम शिक्षा के परम प्रहरी, हल करते सभी सवाल
हम के वि के नौनिहाल हैं, हम के वि के नौनिहाल हैं।

डॉ. घनश्याम बादल
स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी)
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 रुड़की

37

केवि गीत सुनाता हूँ

मैं केवि का अध्यापक, केवि गीत सुनाता हूँ,
संग आपके मिलके , स्थापना दिवस मनाता हूँ।

मास दिसंबर, पंद्रह तारीख़ और तिरेसठ का वो साल
नींव पड़ी जिस दिन केवि की देश हमारा हुआ निहाल
एनसीईआरटी पाठ्यक्रम और सीबीएसई बोर्ड यहाँ
शिक्षा का अवसर जैसा है, वैसा मिलता और कहाँ ?
बारह सौ से ज़्यादा मंदिर .., मैं आरती गाता हूँ ।

देश की सेना ने अपना सब देश के नाम किया है।
मिशन हमारा श्रेष्ठता-गति-नवाचार करना है ।
बिना रंग जो धुँधला सपना, वहाँ रंग भरना है।
राष्ट्रीय एकता का मैं एक नया बीज लगाता हूँ।

मैं केवि का अध्यापक, केवि गीत सुनाता हूँ ।

{ ... सबसे ....}
आओ करें प्रतिज्ञा मिलकर भारत श्रेष्ठ बनाएँगे ।
जाति-धर्म का वैर-भाव और भ्रष्टाचार मिटाएँगे ।
आतंक-ग़रीबी मिटा-मिटा हम, देश को फिर चमकाएँगे।
शिक्षा का फैला के उजाला, विश्वगुरु हो जाएँगे ।
देश को नम्बर वन करना, वो शपथ याद मैं दिलाता हूँ।

मैं केवि का अध्यापक, केवि गीत सुनाता हूँ ।

{बच्चों से ....}
आज आपकी क्षमता से कौन यहाँ अनजाना है ?
कैसा भी हो लक्ष्य कठिन , बस वो आपको पाना है।
पर्वत को दो चीर , वहाँ से गंगा कई निकालो तुम ।
गर्व हो रहा मुझको, जो मैं तुम्हें पढ़ाता हूँ ।

मैं केवि का अध्यापक, केवि गीत सुनाता हूँ।
संग आपके मिलके, स्थापना दिवस मनाता हूँ।

घनश्याम
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय गोपेश्वर, चमोली

38

राष्ट्र की शान केवियन

धरती-गगन में देश का उसने बढ़ाया मान है,
सारे जहाँ में केवियन पाते सदा सम्मान है।

देते हैं सच का साथ चाहे सामने पहाड़ हो,
ललकारते अन्याय को चाहे कठिन हालात हों,
जो ना डिगे संघर्ष में ऐसा वो दृढ़ ईमान हैं,
सारे जहां में केवियन पाते सदा सम्मान है।

पढ़ने में खेलने में वो हर क्षेत्र में गुणवान है,
दुनिया में कहे जाते बहुमुखी प्रतिभावान है,
जिस ओर बढ़ाए कदम, उसमें कमाया नाम है,
सारे जहां में केवियन पाते सदा सम्मान है।

जिनके लिए हर रिश्ते में स्वदेश ही प्रधान है,
नेकी करें सदा हृदय में राष्ट्र का सम्मान है,
भारत महान देश की ये आन बान शान हैं,
सारे जहां में केवियन पाते सदा सम्मान है।

नदियों में प्राण डालते तालाब को बचाए जो,
पर्यावरण से प्रेम हैं धरती हरी बनाएँ वो,
वन, पक्षी, जीव, प्रकृति की ये अनसुनी आवाज़ हैं,
सारे जहां में केवियन पाते सदा सम्मान है।

जिसके लिए हर जाति, धर्म, वर्ग इक समान है,
जिसके लिए मनुष्य सिर्फ कार्य से महान है,
सच्चे हैं दिल के सद्गुणी चरित के आसमान हैं,
सारे जहां में केवियन पाते सदा सम्मान है।

डॉ. योगेश कुमार जैन
सह-प्रशिक्षक-पुस्तकालयाध्यक्ष
केन्द्रीय विद्यालय संगठन जीट, ग्वालियर

39

मेरा केन्द्रीय विद्यालय ही मेरा अभिमान है

ज्ञान का उजाला फैलाता है,
अज्ञान के तम को हराता है,
